<u>सतर्कता विभाग</u>

सतर्कता के बारे में

सतर्कता, प्रबंधन कार्य का एक अटूट हिस्सा है। कोंकण रेलवे निगम कार्यालय, बेलापुर स्थित सतर्कता विभाग निगम के सतर्कता संबन्धित मामलों का निपटारा करता है। हमारा मानना है कि उत्तम कार्य प्रणाली, समुचित नियन्त्रण एवं पारदर्शिता से बेहतर निगम संचालन के लिए व्यावसायिक दृष्टि से सही एवं सोचे समझे फैसले दक्षता पूर्ण तरीके से लिए जा सकते है।

विभाग का नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारी करते हैं जिन्हें उप मुख्य सतर्कता अधिकारी और सहायक सतर्कता अधिकारी मदद करते हैं। सतर्कता विभाग कोंकण रेल में कार्यरत कर्मचारियों को लाभ पहुंचाने हेतु सतर्कता संगोष्ठी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है।

मुख्य सतर्कता अधिकारी जांच-पड़ताल के आधार पर कामकाज में गुणात्मक सुधार लाने के लिए प्रबंधन को सलाह देते हैं । मुख्य सतर्कता अधिकारी सतर्कता मामलों में निगम और अन्य संस्थाओं जैसे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, रेलवे बोर्ड आदि के बीच एक कड़ी का कार्य करते हैं और निगम में प्रणाली सुधार लाने तथा उसे कार्यान्वित करने में सहयोग करते हैं।

विभाग का मुख्य कार्य विविध माध्यमों से प्राप्त शिकायतों की जांच, सतर्कता निवारक कार्य जैसे आकस्मिक निरीक्षण, खरीद और अनुबंध मामलों की नियमित निगरानी/जांच, मुख्य तकनीकी परीक्षक द्वारा गहन परीक्षण रिपोर्ट पर कार्रवाई तथा केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, रेल मन्त्रालय आदि से समन्वय रखना है।

उद्देश्य

सतर्कता विभाग के निम्नलिखित उद्देश्य हैं :

1. भ्रष्टाचार और अनाचार को कम करना ।
2. सतर्कता निवारक तंत्र सक्रिय रखना ।
3. प्रणालियों और प्रक्रियाओं में विकास करने के बारे में प्रबंधन को सुझावों / उपायों से अवगत कराना ।
4. कार्य संस्कृति और नीति में सुधार एवं बदलाव लाने में सहायता करना ।
5. कर्मचारियों के बीच सतर्कता जागरूकता पैदा करना ।
6. काम काज में पारदर्शिता लाने में सहायता देना ।

अद्यतन 26/06/2025

यदि जनता / रेल उपयोगकर्ताओं का कोंकण रेलवे के किसी भी विभाग में अनाचार या भ्रष्टाचार की स्थिति से सामना होता है तो कृपया नीचे बताए गए अधिकारियों को सूचित कीजिए।

पदनाम	नाम	टेलीफोन नं.	ई-मेल पता
मुख्य सतर्कता अधिकारी	श्री बी. के. गाँगटे	022-27587480	cvo@krcl.co.in
उप मुख्य सतर्कता अधिकारी	श्री सुजय कुमार	022-27587367 9004470325(मो.)	dycvo.sujay@krcl.co.in
वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी	श्री दिनेश विंचुरकर	9004470346(मो.)	svo.dinesh@krcl.co.in

शिकायतें निम्नलिखित पते पर भी भेजी जा सकती है –

मुख्य सतर्कता अधिकारी
कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
बेलापुर भवन, प्लॉट नंबर – 06, सेक्टर 11
सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई– 400614
फैक्स नंबर 022-27587486

अद्यतन 26/06/2025